# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, महुआ।

पत्रांक 1239 / महुआ / दिनांक 30 / 5 / 2021

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, महुआ।

सेवा में,

संवेदक श्री / मेसर्स
Life Vision,
AT- ……………………………………………,
……………………………………………………,

विषय :– आपके द्वारा एकरारनामा के अधीन पथों में पंचवर्षीय रूटीन अनुरक्षण कार्य नहीं करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आपके द्वारा एकरारित एम0आर0 (3054) योजना अन्तर्गत Chaurahi to Karauna पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य कराया जाना है। कई बार मौखिक एवं लिखित निदेश के बावजुद आपके द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण का कार्य नहीं कराया जा रहा है जो अत्यंत खेदजनक एवं एकरारनामा के शर्तो का उलंघन करता है।

अतः आपको पुनः अंतिम रूप से स्मारित करते हुए निर्देश दिया जाता है कि 24 घंटे के अन्दर अनुरक्षण कार्य शुरू करें एवं तीन दिनों के अन्दर कार्य पूर्ण कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें अन्यथा आपका एकरारनामा विखंडन करते हुए आपके निबधन को काली सूची में डालने हेतु अनुशंसा चौथे दिन कर दी जाएगी। अनुरक्षण कार्य नहीं करने की स्थिति में दिनांक–04.06.2021 को अंतिम मापी ली जाएगी जिसमें आप या आपके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

विश्वासभाजन
30-05-2021
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
महुआ।

ज्ञापांक – 1239 / महुआ / दिनांक – 30.05.2021

प्रतिलिपि :- सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल, चेहराकला को सूचनार्थ प्रेषित एवं निदेशित किया जाता है कि संवेदक द्वारा उक्त पथ का कार्य तीन दिनों के अन्दर नहीं किया जाता है तो दिनांक – 04.06.21 को अंतिम मापी लेकर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करेंगे।

30.05.2021
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, महुआ

Scanned with CamScanner